भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2921

जिसका उत्तर 08.08.2024 को दिया जाना है

जोजिला सुरंग परियोजना

2921. श्री मियां अल्ताफ अहमद:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) जोजिला सुरंग परियोजना का ब्यौरा, वर्तमान स्थिति और कुल लागत क्या है तथा सुरंग की कुल लंबाई कितनी है;

(ख) सुरंग का कार्य कब तक पूरा हो जाएगा; और

(ग) क्या यह सच है कि उक्त परियोजना के अंतर्गत स्थानीय लोगों को रोजगार नहीं मिल रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) ज़ोजिला सुरंग परियोजना कुल 30.18 किलोमीटर लंबी है, जिसमें 13.153 किलोमीटर लंबी सुरंग और 17.030 किलोमीटर लंबा सुरंग तक पहुंच मार्ग का निर्माण शामिल है। परियोजना की कुल परियोजना लागत (टीपीसी) 6,809.69 करोड़ रुपये है। आज की स्थिति के अनुसार परियोजना की वास्तविक प्रगति 52.13% है।

(ख) परियोजना समाप्त होने की निर्धारित तारीख 29.09.2026 है।

(ग) जी, नहीं। पर्यवेक्षक परामर्शदाता, ठेकेदार और उप-ठेकेदार द्वारा कुल 1043 स्थानीय लोगों को रोजगार दिया गया है।

*****